# Daily Current Affairs

Date : 09 March, 2026

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस – 2026 (राज्य स्तरीय समारोह) |
| 2. | राजस्थान में 'रिंगिंग अभियान' की शुरुआत |
| 3. | एग्रीकल्चरल लैंड मैनेजमेंट कार्बन प्रोजेक्ट |
| 4. | गौरव सैनानी समारोह – चूरू |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. इंडस्ट्री मीट एवं किसान मेला-2026<br>2. शक्तिवंदन : भारत के स्व का अभिनंदन<br>3. कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट<br>4. लीलाधारी महादेव पशु मेला : सिरोही |
| 6. | खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (KITG) |
| 7. | ICCT-20 मेन्स वर्ल्ड कप, 2026 |
| 8. | केरल : महापाषाणकालीन लेटराइट चट्टान |
| 9. | थिरुमंगई अलवर |
| 10. | राज्यपाल व उपराज्यपाल |
| 11. | ऊर्जा दक्षता ब्यूरो : स्थापना वर्ष |
| 12. | डेनमार्क : HIV व सिफलिस |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस – 2026 (राज्य स्तरीय समारोह)

### चर्चा में क्यों?

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च) के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हनुमानगढ़ में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा 'लाडो प्रोत्साहन योजना' का पोर्टल लॉन्च किया गया।
- इसके अलावा 'साथिन मार्गदर्शिका' का डिजिटल लॉन्च और 'पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना' के तहत पुरस्कार प्रदान किए गए।
- **अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस – 2026 की वैश्विक थीम :** "अधिकार, न्याय और सभी महिलाओं व बालिकाओं के लिए कार्रवाई" (Rights. Justice. Action. For All Women and Girls)

**राजस्थान बजट 2026-27 में महिलाओं के लिए की गई महत्त्वपूर्ण घोषणाएँ:**

- **STRI (सेफ्टी ट्रेनिंग रिसोर्स इनिशिएटिव) योजना :** बालिकाओं व महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, मनोवैज्ञानिक काउन्सलिंग, महिलाओं से जुड़े विभिन्न कानूनों, साइबर फ्रॉड से बचाव हेतु जानकारी प्रदान करने के लिए। इसके अन्तर्गत लगभग एक लाख महिलाओं को विषय विशेषज्ञों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
- **'किशोरी बालिका योजना' का विस्तार :** पहले यह योजना केवल राज्य के 5 आकांक्षी जिलों (करौली, धौलपुर, बारां, जैसलमेर और सिरोही) में संचालित थी। अब इसे राज्य के समस्त 27 आकांक्षी ब्लॉक्स (Aspirational Blocks) में लागू किया जाएगा।
- **मुख्यमंत्री शिशु वात्सल्य सदन :** सरकारी कार्यालयों और कार्यस्थलों पर काम करने वाली महिला कार्मिकों के बच्चों के लिए सुरक्षित देखभाल हेतु।
- **मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना :** इस योजना के तहत महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों (SHGs) के लिए ऋण सीमा को ₹50 लाख से बढ़ाकर ₹1 करोड़ कर दिया गया है।
- **मुख्यमंत्री लखपति दीदी ऋण योजना :** लखपति दीदियों के लिए ब्याज अनुदान पर ऋण की सीमा ₹1 लाख से बढ़ाकर ₹1.50 लाख।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **राज सखी स्टोर :** महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए 'संभाग स्तर पर' इन स्टोर्स की शुरुआत की जाएगी।
- **बैंक सखी :** प्रदेश की 5,000 महिलाओं को 'बैंक सखी' बनाया जाएगा। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।
- **स्वनिधि योजना से ऋण :** जनजातीय महिलाओं को अपना स्वयं का छोटा व्यवसाय या स्वरोजगार शुरू करने के लिए 'स्वनिधि योजना' के तहत ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी।
- **कालिका पेट्रोलिंग यूनिट :** महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की संख्या को 500 से बढ़ाकर 600 करने की घोषणा।
- **मिनी ई-मित्र (Mini e-Mitra) :** डिजिटल सुशासन और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए 25,000 युवाओं और महिलाओं को 'मिनी ई-मित्र' (Mini e-Mitra) के रूप में अधिकृत करने की घोषणा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में 'रिंगिंग अभियान' की शुरुआत

## चर्चा में क्यों?

- बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (BNHS) और राजस्थान वन विभाग द्वारा राजस्थान में 42 वर्ष बाद 'रिंगिंग अभियान' की पुनः शुरुआत की गई।




## मुख्य बिन्दु:

- यह अभियान प्रवासी पक्षियों के प्रवास मार्ग और उनकी गतिविधियों के वैज्ञानिक अध्ययन से जुड़ा महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट है।
- **उद्देश्य :** इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य प्रवासी पक्षियों के उड़ने के पैटर्न, उनके प्रवास मार्ग और उनके रुकने के स्थानों का डेटा एकत्र करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- प्रोजेक्ट के तहत पक्षियों के पैरों में एक विशेष प्रकार का मेटल रिंग (छल्ला) पहनाया जाता है, जिस पर एक यूनिक पहचान संख्या और अध्ययन केंद्र का विवरण अंकित होता है।
- इससे यह पता लगाने में मदद मिलती है कि पक्षी किन देशों से उड़कर आए हैं और वे राजस्थान के किन जलाशयों को अपना पड़ाव बना रहे हैं।
- यह डेटा भविष्य में पक्षियों के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के उन पर पड़ने वाले प्रभावों को समझने में सहायक होगा।

**राजस्थान में आने वाले प्रवासी पक्षी:**

- **डेमोइसेल क्रेन (कुरजां) :** यह राजस्थान का सबसे प्रसिद्ध प्रवासी पक्षी है। ये मुख्य रूप से फलोदी के खिचन गाँव में आते हैं। स्थानीय भाषा में इन्हें 'कुरजां' कहा जाता है।
- **फ्लेमिंगो (राजहंस) :** सांभर झील फ्लेमिंगो का मुख्य ठिकाना है, जहाँ पिंक और ग्रे दोनों तरह के राजहंस देखे जाते हैं।
- **साइबेरियन क्रेन :** केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (भरतपुर) दुर्लभ साइबेरियन क्रेन के लिए प्रसिद्ध है।
- **व्हाइट स्टॉर्क :** हालिया वर्षों में जैसलमेर में इन पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की गई।
- **अन्य प्रजातियाँ :** पेलिकन, पिनटेल, गार्गने और पोचार्ड।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# एग्रीकल्चरल लैंड मैनेजमेंट कार्बन प्रोजेक्ट

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान कृषि विभाग और मैसर्स IORA ईकोलोजिकल सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के मध्य राजस्थान में 'एग्रीकल्चरल लैंड मैनेजमेंट कार्बन प्रोजेक्ट' शुरू करने संबंधी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## मुख्य बिन्दु:

- राजस्थान के किसानों को पर्यावरण मैत्री गतिविधियों पर 'कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम-2023' के तहत सुगमता से कार्बन फाइनेंस उपलब्ध करवाने हेतु राज्य के चयनित ब्लॉकों में कार्बन क्रेडिट को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जा रहा है।
- इस प्रोजेक्ट को राजस्थान के तीन ब्लॉकों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है।
- **चयनित ब्लॉक्स :** बानसुर (कोटपुतली-बहरोड़), महुवा (दौसा) और मालपुरा (टोंक)।
- ज्ञातव्य है कि किसानों द्वारा कार्बन उत्सर्जन घटाने वाली गतिविधियाँ; जैसे - पौधरोपण, सुक्ष्म सिंचाई, फार्म पौण्ड और सोलर पम्प की जाती है। इन गतिविधियों से कृषकों को कार्बन फाइनेंस प्राप्त हो सकता है।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### कार्बन क्रेडिट :

- कार्बन क्रेडिट एक व्यापार योग्य प्रमाण पत्र या परमिट है जो धारक को एक निश्चित मात्रा (आमतौर पर 1 टन) कार्बन डाइऑक्साइड (CO2) या उसके बराबर अन्य ग्रीनहाउस गैसों को उत्सर्जित करने का अधिकार देता है।
- यह "कैप और ट्रेड" (Cap and Trade) मॉडल पर आधारित है, जहाँ सरकार उत्सर्जन पर एक सीमा (Cap) लगाती है। जो कंपनियाँ इस सीमा से कम उत्सर्जन करती हैं, वे बचे हुए क्रेडिट उन कंपनियों को बेच सकती हैं जो अपनी सीमा पार कर चुकी हैं।
- **क्योटो प्रोटोकॉल (1997) :** कार्बन क्रेडिट की अवधारणा सबसे पहले क्योटो प्रोटोकॉल के तहत विकसित की गई थी ताकि विकसित देशों को उनके उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिल सके।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# गौरव सैनानी समारोह – चूरू

## चर्चा में क्यों?

- 08 मार्च, 2026 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में चूरू में 'गौरव सैनानी समारोह' का आयोजन किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

- मुख्यमंत्री द्वारा चूरू के जिला खेल स्टेडियम का नाम वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अद्भुत साहस का प्रदर्शन करने वाले लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के नाम पर रखे जाने की घोषणा की गई।
- राज्य सरकार द्वारा सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों को विभिन्न सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए एकीकृत सैनिक कल्याण कॉम्प्लेक्स का निर्माण करवाया जा रहा है। इन कॉम्प्लेक्स में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, युद्ध स्मारक, सैनिक कैंटीन, स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक भवन उपलब्ध होंगे।
- प्रथम चरण में ₹36 करोड़ की लागत से जोधपुर, टोंक, शेरगढ़ और झुंझुनूं में इन कॉम्प्लेक्स का निर्माण करवाया जाएगा।
- वर्तमान में राजस्थान में राजस्थान पर्यटन विकास निगम (RTDC) की होटलों और गेस्ट हाउसों में वीरांगनाओं को 50 प्रतिशत और सेवारत एवं पूर्व सैनिकों को 25 प्रतिशत की छूट प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **राजस्थान के पहले परमवीर चक्र विजेता :** कंपनी हवलदार मेजर (CHM) पीरूसिंह शेखावत (रेजीमेंट : 6 राजपुताना राइफल्स)।
- **राजस्थान के दूसरे परमवीर चक्र विजेता :** मेजर शैतान सिंह भाटी (रेजीमेंट : 13 कुमाऊं रेजीमेंट)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>न्यूज़</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>इंडस्ट्री मीट एवं किसान मेला-2026<br>■ आयोजन : राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान संस्थान, तबीजी (अजमेर) में।<br>■ आयोजक : केंद्रीय कृषि अनुसंधान परिषद के बौद्धिक संपदा एवं तकनीकी प्रबंध इकाई, इंडियन सोसाइटी ऑफ सीड स्पाइसेज (ISSS) एवं डायरेक्टर ऑफ अरेकानट एंड स्पाइसेज डवलपमेंट (DASD) के संयुक्त तत्वावधान में।<br>■ राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र (NRCSS), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) का एक प्रमुख स्वायत्त संस्थान है जो विशेष रूप से बीजीय मसालों (जैसे - जीरा, धनिया, सौंफ, मेथी आदि) पर अनुसंधान और विकास के लिए समर्पित है।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>शक्तिवंदन : भारत के स्व का अभिनंदन<br>■ आयोजन : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर (08 और 09 मार्च, 2026) शिल्प ग्राम, जवाहर कला केंद्र (JKK), जयपुर में।<br>■ आयोजक : नगर निगम ग्रेटर, जयपुर।<br>■ माँ पन्नाधाय नारी शक्ति महोत्सव : कार्यक्रम के ही एक भाग के रूप में ‘माँ पन्नाधाय नारी शक्ति महोत्सव’ का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।</td></tr>
</table>



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **3.** | **कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट**<br>■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास किया।<br>■ **व्यय :** ₹1,507 करोड़।<br>■ **संचालन :** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) द्वारा।<br>■ **क्षमता :** प्रति वर्ष लगभग 20 लाख यात्रियों को संभालने की। |
| **4.** | **लीलाधारी महादेव पशु मेला : सिरोही**<br>■ हाल ही में, सिरोही जिला प्रशासन एवं राजस्थान पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मण्डार में लीलाधारी महादेव पशु मेले का शुभारंभ किया गया।<br>■ **आयोजन :** 07 से 11 मार्च, 2026 तक।<br>■ इस मेले के माध्यम से उत्कृष्ट पशु नस्लों के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया जाएगा। पशुपालकों को उन्नत पशुपालन तकनीकों, टीकाकरण, रोग नियंत्रण एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (KITG)

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के आयोजन की घोषणा की।




### मुख्य बिन्दु:

- **परिचय:** KITG एक राष्ट्रीय स्तर का बहु खेल आयोजन है जो विशेष रूप से भारतीय आदिवासी एथलीटों को समर्पित है।
- **आयोजन:** खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत 25 मार्च, 2026 से 6 अप्रैल, 2026 तक।
- **मेजबान राज्य:** छत्तीसगढ़ (शहर-रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा)
- **शामिल खेल (7):** एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी, भारोत्तोलन, कुश्ती व तैराकी।
- **प्रदर्शन खेल (2):** मल्लखंभ और कबड्डी
- **आधिकारिक शुंभकर:** "मोरवीर" (आदिवासी समुदायों के साहस, गौरव और पहचान का प्रतीक)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ICCT-20 मेन्स वर्ल्ड कप, 2026

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार ICCT-20 मेन्स वर्ल्ड कप, 2026 जीत लिया।




## मुख्य बिन्दु:

- **फाइनल मैच:** भारत  व न्यूजीलैण्ड के मध्य नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में 8 मार्च, 2026 को हुआ।
- **विजेता:** भारत ने न्यूजीलैण्ड को 96 रन से हराकर यह खिताब जीता।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 255 रन बनाएँ जो विश्व कप के फाइनल में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।
- **प्लेयर ऑफ द मैच:** जसप्रीत बुमराह (4 विकेट लिए)
- **प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट :** संजू सैमसन।

## भारत के सभी ICC टूर्नामेंट फाइनल

| साल | टूर्नामेंट | खिलाफ | रिजल्ट |
|---|---|---|---|
| 1983 | वनडे वर्ल्ड कप | वेस्टइंडीज | जीत |
| 2000 | चैंपियंस ट्रॉफी | न्यूजीलैंड | हार |
| 2002 | चैंपियंस ट्रॉफी | श्रीलंका | संयुक्त विजेता |
| 2003 | वनडे वर्ल्ड कप | ऑस्ट्रेलिया | हार |
| 2007 | टी-20 वर्ल्ड कप | पाकिस्तान | जीत |
| 2011 | वनडे वर्ल्ड कप | श्रीलंका | जीत |
| 2013 | चैंपियंस ट्रॉफी | इंग्लैंड | जीत |
| 2014 | टी-20 वर्ल्ड कप | श्रीलंका | हार |
| 2017 | चैंपियंस ट्रॉफी | पाकिस्तान | हार |
| 2021 | वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप | न्यूजीलैंड | हार |
| 2023 | वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप | ऑस्ट्रेलिया | हार |
| 2023 | वनडे वर्ल्ड कप | ऑस्ट्रेलिया | हार |
| 2024 | टी-20 वर्ल्ड कप | द. अफ्रीका | जीत |
| 2025 | चैंपियंस ट्रॉफी | न्यूजीलैंड | जीत |
| 2026 | टी-20 वर्ल्ड कप | न्यूजीलैंड | जीत |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इतिहास एवं संस्कृति

## केरल : महापाषाणकालीन लेटराइट चट्टान

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केरल के कासरगोड जिले में महापाषाणकालीन लेटराइट चट्टानों को काटकर बनाया गया कक्ष खोजा गया है।

### मुख्य बिन्दु:

- **कक्ष:** यह कहा महापाषाणकालीन संस्कृति के एक दफन परिसर का हिस्सा है, जिसका निर्माण अनुष्ठानिक विश्वास प्रणालियों के हिस्से के रूप में विभिन्न आकृतियों और आकारों के मिट्टी के बर्तनों को दफनाकर किया गया था।
- **उत्पत्ति और काल:** यह संरचनाएँ आम तौर पर दक्षिण भारत में लौह युग/महापाषाणकाल से जुड़ी हुई है जो लगभग 2000 से 2500 वर्ष पुरानी है।
- **क्षेत्र:** यह मुख्यत: केरल की लेटराइट पटियों और कर्नाटक के तटीय हिस्सों में पाई जाती है।

#### मुख्य विशेषताएँ

- इसकी वास्तुकला में एक गोलाकार आंतरिक कक्ष, प्रवेश द्वार (शाक्ट) और ऊपरी छिद्र शामिल है।

#### अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

#### महापाषाणकालीन संस्कृति:

- **परिचय:** महापाषाणकालीन संस्कृति एक प्रागैतिहासिक संस्कृति प्रथा है, जिसमें विशालकाय पत्थर की संरचनाओं का निर्माण किया गया जो मानव बस्तियों से दूर दफन स्थल के रूप में कार्य करती थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


- **समयावधि:** दक्षिण भारतीय महापाषाण संस्कृतियाँ 1000 ईसा पूर्व से 100 ईस्वी तक के मध्य विकसित हुई।
- दक्षिण भारत में महापाषाण काल एक पूर्ण विकसित लौह युग की संस्कृति थी, जहाँ लौह-प्रौद्योगिकी पूर्ण रूप से विकसित हो चुकी थी।
- इस क्षेत्र में हथियारों और कृषि उपकरण जैसी लौह वस्तुएँ इस बात का प्रमाण है।
- **भौगोलिक वितरण:** इसका मुख्य केन्द्र गोदावरी नदी के दक्षिण में दक्कन क्षेत्र था।

**प्रमुख स्थल:**

- ब्रह्मगिरि और चंद्रवल्ली (कर्नाटक), जुनापानी, खापा और मुहुर्जरी (महाराष्ट्र) और आदिचनल्लुर (तमिलनाडु)।
- इंडो-गंगा बेसिन, राजस्थान, गुजरात, पंजाब और बुरज़ाहोम (जम्मू कश्मीर) में भी महापाषाण संस्कृति की स्थिति।
- **आजीविका:** महापाषाणकालीन संस्कृति के लोग कृषि, शिकार, मत्स्यपालन और पशुपालन पर निर्भर थे (प्रमाण: महापाषाण स्थलों से प्राप्त शिलाचित्र)।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR




**MAP: Some Important Archaeological Sites**

# थिरुमंगई अलवर

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, नवीन शोध के अनुसार सेंट थिरुमंगई अलवर की प्रतिमा की उत्पत्ति तमिलनाडु के सौंदरराज पेरुमल मंदिर से हुई है।
- इंग्लैंड के ऑक्सफोर्ड स्थित एशमोलियन संग्रहालय ने शोध के पश्चात सेंट थिरुमंगई अलवर की 16वीं शताब्दी की कांस्य प्रतिमा भारत सरकार को लौटा दी।



## मुख्य बिन्दु:

- **शोध :** सांस्कृतिक वकालत समूह इंडिया प्राइड प्रोजेक्ट ने वर्ष 1957 में फ्रेंच इंस्टीट्यूट ऑफ पांडिचेरी के अभिलेखीय साक्ष्य के साथ एशमोलियन कांस्य प्रतिमा का मिलान कर इसकी पहचान की है।

### थिरुमंगई अलवर:

- **परिचय:** यह अलवर संतों में 12वें और अंतिम संत थे।

**NOTE : अलवर संत:** तमिल संत-कवि जिन्होंनें 8वीं शताब्दी ईस्वी में वैष्णव परंपरा के अंतर्गत भगवान विष्णु को अपना जीवन समर्पित किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

प्रारंभिक जीवन:

- **उपनाम:** कालियान
- **जन्म:** कल्लर समुदाय (यौद्धा जाति) में हुआ।
- चोल साम्राज्य में एक सैन्य कमांडर और सरदार के रूप में सेवा दी।
- **उपाधि:** थिरुमंगई मन्नन
- **कौशल:** यह एक कुशल तीरंदाज थे।

'साहित्यिक योगदान:

- **प्रसिद्ध:** नरकवि पेरूमल के रूप में प्रसिद्ध थे।
- **नलयिर दिव्य प्रबंधम:** रचनाएँ; पेरिया थिरुमोझी, थिरूनेदुनथंदकम और थिरुक्कुरुथंडकम शामिल हैं।

सांस्कृतिक योगदान:

- श्रीरंगम मंदिर का संवर्धन कराया।
- श्रीरंगम श्री रंगनाथस्वामी मंदिर (तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु) की एक दीवार का निर्माण किया।
- **आध्यात्मिक योगदान:** थिरुमंगई अलवर को विष्णु के शारंग धनुष का अवतार माना जाता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय शासन एवं राजव्यवस्था

## राज्यपाल व उपराज्यपाल

### चर्चा में क्यों?

हाल ही में,

- तमिलनाडु के पूर्व राज्यपाल RN रवि को पश्चिम बंगाल का नया राज्यपाल नियुक्त किया।
- केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को तमिलनाडु का अतिरिक्त प्रभार दिया।
- तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया।

### मुख्य बिन्दु:

राज्यपाल की नियुक्ति:

- अनुच्छेद-153 (राज्यों के राज्यपाल)- 7 वाँ संविधान संशोधन, 1956 द्वारा एक ही व्यक्ति को एक साथ कई राज्यों को राज्यपाल नियुक्त किए जाने का प्रावधान किया गया।
- अनुच्छेद-154 (राज्यपाल की कार्यकारी शक्ति)
- अनुच्छेद-155 (राज्यपाल की नियुक्ति)- राष्ट्रपति द्वारा।
- अनुच्छेद-156 (कार्यकाल)- राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण।
- अनुच्छेद-157 (नियुक्ति के लिए योग्यता)- भारतीय नागरिक + 35 वर्ष आयु पूर्ण।
- अनुच्छेद- 158 (पद की शर्तें)- संसद। विधानमण्डल का सदस्य नहीं होना चाहिए, लाभ के पद पर न हो, आधिकारिक आवास का हकदार होगा, कार्यकाल के दौरान वेतन-भत्तों में कटौती नहीं की जाएगी।
- अनुच्छेद-159 (शपथ) – उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश या वरिष्ठ न्यायाधीश।

उपराज्यपाल की नियुक्ति:

- अनुच्छेद-239: राज्यपालों (भाग-6) के विपरित, केंद्र शासित प्रदेशों का प्रशासन भाग-8 (अनुच्छेद-239 से 241) के अंतर्गत किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**पदनाम:**

- **उपराज्यपाल:** 5 केंद्र शासित प्रदेशों (दिल्ली, पुडुचेरी, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह) में उपराज्यपाल के रूप में नामित।
- **प्रशासक:** चंड़ीगढ़, लक्ष्यद्वीप, दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव में उन्हे प्रशासक कहा जाता है।
- **अनुच्छेद – 239 AA:** दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश में उपराज्यपाल के रूप में नामित किया जाएगा।
- **नियुक्ति:** राष्ट्रपति द्वारा (अनुच्छेद-74; केंद्रीय मंत्रीपरिषद् की सहायता व सलाह पर)
- **कार्यकाल:** राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण करते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## ऊर्जा दक्षता ब्यूरो : स्थापना वर्ष

**चर्चा में क्यों?**

- 1 मार्च, 2026 को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) का 25 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया।

**मुख्य बिन्दु:**

- **नवीन डिजिटल पहल:** स्थापना दिवस समारोह में नवीन डिजिटल पहलों को शुभारंभ किया गया;

  1. नवीकरणीय ऊर्जा खपत दायित्व (RCO) पोर्टल
  2. BEE स्टार लेबल मोबाइल APP
  3. BEE@25 लोगो


- **नवीकरणीय ऊर्जा खपत दायित्व (RCO) पोर्टल:** ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2022 के तहत् एक नीतिगत तंत्र है। जिसके तहत् नामित उपभोक्ताओं को अपनी बिजली का न्यूनतम निर्दिष्ट प्रतिशत पात्र गैर जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त करना अनिवार्य है।

**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो:**

- **स्थापना:** 1 मार्च, 2002 (ऊर्जा सरंक्षण अधिनियम, 2001 के तहत्) वैधानिक निकाय।
- **अधीन:** BEE, विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत।
- **उद्देश्य:** समन्वित प्रयासों के माध्यम से ऊर्जा तीव्रता को कम करना तथा ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करना।
- **उत्सर्जन कटौती:** भारत ने वर्ष 2005 के स्तर से GDP की उत्सर्जन तीव्रता में 36% की कमी हासिल की है और 52% गैर जीवाश्म ईधन स्थापित क्षमता तक पहुँच गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## प्रमुख प्रयास:





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## डेनमार्क : HIV व सिफलिस

### चर्चा में क्यों?

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) में डेनमार्क को यूरोपीय संघ में HIV ('ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस) और सिफलिस के माँ से बच्चे में संचरण (EMTCT) को समाप्त करने वाला पहला देश प्रमाणित किया गया है।




### मुख्य बिन्दु:

- **मातृ-शिशु संचरण (MTCT):** HIV और सिफलिस जैसे संक्रमणों का गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान माँ से उसके शिशु में संचरण है जो शिशु संक्रमण, मृतजन्म, नवजात मृत्यु या जन्मजात रोगों का कारण बन सकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **WHO द्वारा MTCT उन्मूलन मानदंड:** EMTCT हेतु WHO के मानदंडों में माँ से बच्चे में संक्रमण की दर को प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर 50 से कम करना और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि 95% से अधिक गर्भवती महिलाओं को परीक्षण और उपचार प्राप्त हो।
- **EMTCT में शामिल अन्य देश:** कैरिबियन देश (एंगुइला, एंटीगुआ), दक्षिणी अमेरिका (ब्राजील), अफ्रीका (बोत्सवाना), और एशिया (मलेशिया, मालदीव) जैसे 20 से अधिक देश और क्षेत्र जो WHO द्वारा आपातकालीन चिकित्सा नियंत्रण (EMTCI) के लिए मान्यता प्राप्त है।
- **WHO का त्रिपक्षीय उन्मूलन रणनीति :** WHO 4 स्तंभों (सार्वभौमिक प्रसवपूर्व देखभाल, एकीकृत मातृ संक्रमण परीक्षण, प्रभावी उपचार और समुदायिक भागीदारी से मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली) के माध्यम से HIV, सिफलिस और हेपेटाइटिस-B के त्रिपक्षीय उन्मूलन को बढ़ावा देता है।

**मानव ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV):**

- HIV, मानव प्रतिरक्षा प्रणाली, विशेष रूप से CD4+ T- कोशिकाओं पर हमला करता है।
- एक्वायर्ड इम्युनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम (AIDS) HIV संक्रमण का सबसे उन्नत चरण है।
- **संचरण:** संक्रमित शरीर के तरल पदार्थों के माध्यम से फैलता है।
- **उपचार :** एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (ART)
- **परीक्षण :** रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट

**सिफलिस:**

- **संक्रमण :** ट्रेपोनेमा पैलिडम नामक बैक्टीरिया से।
- **संचरण :** यौन संचारित संक्रमण।
- **प्रभावित अंग:** तंत्रिका तंत्र, मस्तिष्क, हृदय, नेत्र

**हेपेटाइटिस - B:**

- **संक्रमण :** वायरस के कारण होने वाला यकृत संक्रमण है।
- **संचरण :** संक्रमित शरीर के तरल पदार्थों के संपर्क से फैलता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR